2012

M. A.

3rd Semester Examination

HINDI

PAPER—HIN 303

Full Marks : 40

Time : 2 Hours

The figures in the right-hand margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

Illustrate the answers wherever necessary.

प्रथम प्रश्न अनिवार्य है, शेष में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. **किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2**

(क) पोस्टकार्ड लौटाते समय मैंने उसके चेहरे को गौर से देखा । उसके मुख पर मौत की भीषण छाया नाच रही थी और वह जिन्दगी से जोंक की तरह चिमटा था—लेकिन जोंक वह था या जिन्दगी ? वह जिन्दगी का खून चूस रहा था या जिन्दगी उसका ?

— मैं तय न कर पाया ।

(Turn Over)

(ख) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है । जन्म-भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं । सारे दृश्यों के रंग साफ हो जाते हैं; समय की धुंध बिल्कुल उनपर से हट जाती है ।

(ग) और माँ दिल-ही-दिल में फिर बेटे के उज्जवल भविष्य की कामनाएँ करने लगीं । और मिस्टर शामनाथ-अब सो जाओ, माँ! — कहते हुए, तनिक लड़खाड़ाते हुए अपने कमरे की ओर घूम गये ।

(घ) कल्पना चाहे कितनी ही मधुर क्यों न हो, एक तृप्तियुक्त आनन्द देनेवाली क्यों न हो, पर मैं जानती हूँ यह झूठ है । यदि ऐसा ही था तो कौन उसे कहने गया था कितुम इस सम्बन्ध को तोड़ दो! उसने अपनी इच्छा से ही तो यह सब किया था ।

2. 'उसने कहा था' कहानी में निहित राष्ट्र-प्रेम एवं वैयक्तिक प्रेम के सुन्दर समन्वय पर प्रकाश डालिए । 12

3. सामाजिक एवं मानवीय परिप्रेक्ष्य में 'कफन' की समीक्षा कीजिए । 12

4. दलित विमर्श के आलोक में 'सलाम' कहानी का मूल्यांकन कीजिए । 12

5. 'पिता' कहानी के माध्यम से बदलते पारिवारिक संबंधों को रेखांकित कीजिए । 12

—o—